शहर में आज

■ श्री श्री सिद्धि महालक्ष्मी मन्दिर : आरती, सायं 7.30 बजे से, स्थान – श्री श्री सिद्धि महालक्ष्मी मन्दिर, 80, बड़ाबाजार स्ट्रीट, बड़ाबाजार, कोलकाता।

■ श्री प्राचीन भैरव बाबा मन्दिर : आरती, सायं 7 बजे से, स्थान – श्री प्राचीन भैरव बाबा मन्दिर, 80, बड़ाबाजार स्ट्रीट, बड़ाबाजार, कोलकाता।

■ श्री सिद्धाश्रम भैरव मन्दिर : आरती, रात्रि 8 बजे से, स्थान – श्री सिद्धाश्रम भैरव मन्दिर, 1/3, गांगुली लेन (आलू पोस्ता), बड़ाबाजार, कोलकाता।

■ श्री श्री आनंद भैरव मन्दिर : आरती, सायं 7 बजे से, स्थान – श्री श्री आनंद भैरव मन्दिर, 4 बी, गणपत बागला रोड, कोलकाता।

■ श्री लक्ष्मी नारायणजी मन्दिर : आरती, रात्रि 8 बजे से, स्थान – श्री लक्ष्मी नारायणजी मन्दिर, 289, जी. टी. रोड, विष्णु वाटिका, मेदनीपुर, हावड़ा।

■ श्री रामदेव बाल मण्डल, कोलकाता : आरती, सायं 6 बजे से, स्थान – श्री रामदेव बाल मण्डल, कोलकाता, 30/1ए, दर्पनारायण टैगोर स्ट्रीट, सिंहगढ़ मोड़, बड़ाबाजार, कोलकाता।

■ माहेश्वरी वैरीज ब्यूरो : माहेश्वरी विवाह योग्य लड़के-लड़कियों की निःशुल्क जानकारी, दोपहर 12 बजे से, स्थान – पी-7, कलाकार स्ट्रीट, 3 तल्ला, बड़ाबाजार, कोलकाता।

■ श्री पिपलेश्वर महादेव श्री काली माता मन्दिर (हिन्दमोटर) : आरती, सायं 7 बजे से, स्थान – श्री पिपलेश्वर महादेव श्री काली माता मन्दिर (हिन्दमोटर), 82, मुकुंदलाल सरणी, हिन्दमोटर।

■ आकृति इन्टीरियर : इन्टीरियर डेकोरेशन की जानकारी, सायं 7 बजे से, स्थान – 14/3ए, श्रीकृष्ण मेशाल स्ट्रीट, 1 तल्ला, बड़ाबाजार, कोलकाता।

■ श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति : नि:शुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा, दोपहर 3 बजे से, स्थान – 70 नंबर, नलिनी सेठ रोड, बड़ाबाजार, कोलकाता।

■ श्री श्याम मन्दिर आलमबाजार : आरती, सायं 7 बजे से, स्थान – श्री श्याम मन्दिर आलमबाजार, 113, सूर्य सेन रोड, आलमबाजार, अशोकनगर, कोलकाता।

■ श्री सिद्धिविनायक, देवस्थानम्, कोलकाता : श्री गणेश की आरती, सायं 7 बजे से, स्थान – श्री सिद्धिविनायक, देवस्थानम्, कोलकाता, 48बी, मुक्ताराम बाबू स्ट्रीट, बड़ाबाजार, कोलकाता।

■ श्री श्री मनोकामना सिद्धि हनुमान मन्दिर : भजन कीर्तन, सायं 6 बजे से, स्थान – रघुनाथपुरा (बजरंग मोड़), नवमसजिद, हुगली।

■ श्री श्याम बाबा मन्दिर – बालीगंज : नि:शुल्क जल सेवा, सुबह 10 बजे से, स्थान – श्री श्याम बाबा मन्दिर -बालीगंज, 3, डॉ. जी. एस. बोस रोड, बालीगंज, कोलकाता।

■ बाबा श्री रामदेवजी प्राचीन मन्दिर : आरती, सायं 7 बजे से, स्थान – बाबा श्री रामदेवजी प्राचीन मन्दिर, 3, जगबंधु बोराल लेन (मारवाड़ी जिलेफ मोहल्ला अस्पताल के सामने), कोलकाता।

■ आकांक्षा : जल सेवा, नि:शुल्क चाय सिकंजी, सुबह 10 बजे से, स्थान- कोठारी पार्क, नीमू डड्डा, बड़ाबाजार, कोलकाता।

■ श्री नीमूखला स्पोर्टिंग क्लब : सुंदरकांड पाठ, सुबह 11 बजे, स्थान- 14/1/1, शोभाराम मेशाल स्ट्रीट, कोलकाता।

■ विकास धर्म संघ : सुंदरकांड पाठ, सुबह 10 बजे, स्थान- श्री श्याम सदन 5 तल्ला, पंचवटी कॉम्प्लेक्स, बीआईपी रोड, बीकाने हलदीराम फूड के पास, कोलकाता।

■ भगवान श्री लक्ष्मीनारायण धाम : साप्ताहिक बीज मंत्र एवं गणेश स्तोत्र, दोपहर 2 बजे, स्थान- माहेश्वरी भवन, 4, शोभाराम मेशाल स्ट्रीट कोलकाता।

■ श्री श्रीतात्रम सत्संग समिति : सुंदरकांड पाठ, दोपहर 3 बजे, स्थान- क्लब हाउस 7 तल्ला, सिल्वर ओक स्टेट, काली पार्क हिरीबिबी कॉलेज के पास, राजारहाट कोलकाता।-

■ बाबा रामदेव भक्त मंडल (मारवाड़ सेवा) : कीर्तन-रात्रि, सायं 4 बजे, स्थान- 17, स्ट्रीट सारणी, श्री रामदेव मंदिर, लिलुआ, हावड़ा।

■ श्री मारवाड़-गीता प्रचार परिषद : साप्ताहिक भजन-कीर्तन, दोपहर 3 बजे, स्थान- 13, बटकिस लेन बर्नाक रा 5 तल्ला, गीता श्री सदन, छठी मार्केट हावड़ा।

■ श्री कालीकुंड भक्त मंडल : भजन-कीर्तन, सायं 4 बजे, स्थान- अवनी ओवरसीज फेस 7 बर्नाक 5 लेकटाउन कोलकाता।

■ अखिल भारतीय डोडुल महामत्स्य समिति : भजन-कीर्तन, सायं 5.30 बजे, स्थान- बीई 40, साल्टलेक सिटी ईबी 3 के पास श्री कुणाल सिकदर, कोलकाता।

■ श्री रामदेव सेवा ट्रस्ट, मालवाड़ा : श्री बाबा रामदेव जी की आरती, रात 8 बजे, स्थान- श्री रामदेव मंदिर, 4 निताई हलदार स्ट्रीट, बड़ाबाजार मालवाड़ा, कोलकाता।

एसएससी नियुक्ति घोटाला मामले में दिलीप घोष का पार्थ पर तंज, कहा...

'बड़ी मछलियां भी फंसेंगी जाल में'

कोलकाता, समाज्ञा : स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के जरिए हुई नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार उजागर होने को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने इशारे-इशारे में तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि अभी बड़ी मछलियां भी जाल में फंसेंगी। रविवार को प्रातः भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षक भर्ती में बड़े पैमाने पर वित्तीय भ्रष्टाचार हुआ है। करोड़ों रुपये घूस के तौर पर लिए गए हैं। घोष ने कहा कि जब भी सीबीआई अथवा ईडी तृणमूल नेताओं को बुलाता है तो वे या तो न्यायालय चले जाते हैं या बीमार होकर अस्पताल में भर्ती हो जाते हैं। अब इसकी वजह समझ में आ रही है। राज्यभर के लोगों को तृणमूल कांग्रेस ने ठगा है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को पूर्व न्यायाधीश अशोक कुमार बाल की जांच समिति ने हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट सौंपी है जिसमें तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के ओएसडी का भी नाम भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले अधिकारियों की सूची में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 381 ऐसे लोगों की नियुक्ति हुई है जिन्होंने या तो परीक्षा नहीं दी थी या फेल होने के बावजूद मेरिट लिस्ट में शामिल कर लिए गए थे।

बड़ाबाजार में मेट्रो रेलवे द्वारा तीन प्रभावित मकानों को तोड़े जाने की सूचना के बाद सामानों को हटाते निवासी।

उत्तर बंगाल में आज से शुरू हो रहा है वेद प्रचार अभियान

कोलकाता, समाज्ञा

बंगाल प्रान्त में आर्य समाज स्थापना को लेकर उत्तर बंगाल के क्षेत्र को बहुत ही महत्वपूर्ण एवं गौरवशाली स्थान प्राप्त है। 1882 ई. में बंगाल प्रान्त में सर्व प्रथम उत्तर बंगाल के ही दार्जिलिंग में महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा वेदोक्तधर्म धारण करने वाले रेलवे के एक इंजीनियर द्वारा आर्य समाज संगठन स्थापना की प्रेरणा तथा विहार प्रान्त के दार्जिलिंग निवासी एक प्रतिष्ठित व्यवसायी कालिचरण सिंघी आर्य द्वारा की गई। इस लिए उत्तर बंगाल के उस जन को लौटने के प्रयास में दार्जिलिंग जनपद में और जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार एवं कूचबिहार जनपद में 15 मई से 15 जून 2022 तक एक माह व्यापी मिशन वेद प्रचार अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है। जिसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक वैदिक विचारों सद् संस्कारयुक्त समाज निर्माण, वैदिक आश्रम व्यवस्था, पर्यावरण शुद्धि एवं रोग निवारण में यज्ञ की प्रासंगिकता, सम्पूर्ण प्राणी जगत एवं प्रकृति के कल्याणार्थ गौमाता की आवश्यकता, सत्य सनातन वैदिक धर्म के प्रति लोगों में रुचि पैदा करना है। ये कार्य आप सब के सहयोग से पूर्ण होगा।

15 मई 2022 रविवार शाम 4 बजे से आर्य समाज दार्जिलिंग में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया जायेगा। 12 जून 2022 रविवार को आर्य समाज दार्जिलिंग में ही समापन समारोह के साथ सम्पन्न किया जायेगा।

केएसएस जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन में लैंगिक समस्या विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित

कोलकाता, समाज्ञा : केएसएस जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन में लैंगिक समस्या पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रोफेसर सुदेशना गुप्ता मुख्य अतिथि प्रोफेसर दिपा किला का परिचय दी। कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर साधना झा ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि वास्तविकता यह है कि कन्या के जन्म को आज भी बिना का जन्म माना जाता है। प्रमुख वक्ता के रूप में कोलकाता विश्वविद्यालय के एजुकेशन विभाग की विभागाध्यक्ष ने कहा कि सभी पुरुष से ही समाज चलता है। अब लिंग भेद के प्रति लोगों की सोच बदल रही है। उन्होंने यह भी बिना का समाज में नारी की स्वतंत्रता की बात की जाती है, किन्तु उसके अधिकार और कर्तव्य के बारे में बात नहीं होती है। प्रोफेसर निन्हा ने ट्रांसजेंडर, गे,बाई-सेक्सुअल की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी लैंगिक समस्या बनी हुई है। जन्म से लेकर शिक्षा, विकिसा आदि में लैंगिक भेदभाव किया जाता है। लैंगिक समस्या को बढ़ावा देने में सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक और आर्थिक कारण प्रमुख है। उन्होंने यह भी कहा कि उच्च शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, जन जागरण द्वारा लैंगिक समस्या समाप्त हो सकती है। अंत में, उन्होंने कहा कि हम बराबर हैं। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. तृषा बनर्जी ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बी.एड और डी.एल.ई.डी के छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

टोटो चालक का शव बरामद, हत्या की आशंका

मालदा : जिले के इंग्लिश बाजार थाने की पुलिस ने शुक्रवार की देर रात एक टोटो चालक का शव मोहदीपुर रेलवे रोड से बरामद किया है। मृतक टोटो चालक का नाम सुमन महतो (40) है। वह बोचाबाड़ी इलाके के रामकृष्ण नगर का निवासी था। हत्या की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि किसी ने टोटो चालक की चाकू मारकर हत्या की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुमन महतो शुक्रवार की दोपहर को टोटो लेकर निकला था। उसके बाद घर नहीं लौटा। रात करीब 11 बजे एक अज्ञात महिला की हत्या की खबर मिलते ही इंग्लिश बाजार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल से पहली नजर में देखा सुमन महतो के गले में चाकू लगा हुआ जमीन पर पड़ा है। उसका टोटो भी सड़क के किनारे खड़ा है। इसके बाद पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मालदा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया। पुलिस घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

शिक्षा, संस्कृति और खेल जगत में प्रतिभाओं को मिला जेआईएस महासम्मान

कोलकाता, समाज्ञा : जेआईएस ग्रुप के तत्वाधान में विभिन्न संगठनों में शिक्षा, संस्कृति और खेल के क्षेत्र में असाधारण प्रतिभाओं को 'जेआईएस महासम्मान' से पुरस्कृत किया गया। यह कार्यक्रम रविवार को मार्डन सिटी कॉन्टिनेंटल में आयोजित किया गया था, जहां जेआईएस ग्रुप के संस्थापक स्व. सतुरा जोध सिंह की स्मृति में एक डाक टिकट का भी अनावरण किया गया। इस धर्म संस्कार द्वारा बंधन बैंक के एमडी और सीईओ चंद्र शेखर घोष, प्रसिद्ध फुटबॉलर सुब्रत भट्टाचार्य, भारतीय डायमंड लीगता वाइफ विक्रम घोष, सेवई अमीनी अभ्यागत के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ सिद्धार्थ घोष और वैज्ञानिक डॉ पार्थ प्रतिम को पुरस्कृत किया गया। इस दिन, दिवंगत सतुरा जोध सिंह की स्मृति में डाक टिकट जारी करने के अलावा, जेआईएस ग्रुप ने कोलेज के प्राचार्यों और स्टाफ सदस्यों को भी पुरस्कार वितरित किए, छात्रों को शैक्षणिक पुरस्कार वितरित किए और जेआईएस मिशिट अवार्डों में जेआईएस आइडिया-ओ-मीटर के माध्यम से चयनित छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में एक मोटिवेशनल कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें कमलिका चटर्जी और गगा सरकार सहित विभिन्न प्रसिद्ध टॉलीवुड कलाकारों ने भाग लिया। इस मौके पर, जेआईएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक सतुरा सनजीत सिंह ने कहा कि हम इस जेआईएस सम्मान का आयोजन अपने सभी शिक्षकों, कॉलेज के अन्य कर्मचारियों और छात्रों को खास धन्य की कड़ी मेहनत से प्रेरित करने के लिए कर रहे हैं। ये इस सम्मान के प्रत्येक प्राप्तकर्ता को दिल से बधाई देता हूं।

15वें अंतरराष्ट्रीय शिक्षा एवं स्किल डेवलपमेंट शिखर सम्मेलन

कोलकाता के बी-स्कूल और इंजीनियरिंग कॉलेज ने जीता राष्ट्रीय पुरस्कार

कोलकाता, समाज्ञा

एसोचैम नेशनल फाउंडेशन द्वारा नई दिल्ली में 13 मई को आयोजित 15वें अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा नेतृत्व और कौशल विकास शिखर सम्मेलन सह पुरस्कार 2022 में हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को सर्वश्रेष्ठ इन एनेबलिंग स्किल्स एम्प्लायमेंट की श्रेणी में सम्मानित किया गया और हेरिटेज बिजनेस स्कूल को प्लेसमेंट-पूर्व के लिए प्लेसमेंट कार्यक्रम प्रदान करने में उत्कृष्टता की श्रेणी में सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, कोलकाता के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप आचार्य और हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कोलकाता के प्रिंसिपल प्रो. बसाब चौधरी को संसद सदस्य, शिक्षा, महिला, बच्चे, युवा और खेल संबंधी स्थायी समिति के सदस्य राजेंद्र अग्रवाल से प्राप्त हुए।

आईआईटी खड़गपुर ने स्कूल में साझा परिवहन के गुणात्मक पहलुओं की पहचान की

कोलकाता : स्कूलों के लिए साझा परिवहन के महत्व और कोलकाता शहर के यातायात में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर ने स्कूल बसों के जरिए सुरक्षा, समय की पाबंदी, प्रदूषण से बचाव जैसे गुणात्मक पहलुओं की पहचान की है। आईआईटी खड़गपुर में सिविल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर मार्तंड मोहंता ने शनिवार को कहा कि आईआईटी अनुसंधान ने शहर की संकरी सड़कों पर भीड़भाड़ को कम करने के लिए साझा तरीकों की आवश्यकता और उपयोग पर प्रकाश डाला है। यह अध्ययन ऐसे समय किया गया है जब कारों की बढ़ती संख्या के साथ यह बसों के लिए परिवहन का पसंदीदा साधन बन गया है। अध्ययन लगभग पांच साल पहले शुरू हुआ था जिसमें उन पहलुओं की पहचान की गई थी जो स्कूलों में परिवहन के तरीके की पसंद, स्कूल अधिकारियों के विचारों और वाहन संचालकों के दृष्टिकोण को प्रभावित करते हैं। मोहंता ने कहा कि अधिकारकों की धारणाओं को समझने के लिए एक व्यापक सर्वेक्षण किया गया, जिसमें दोनों बातों की जरूरतों को ध्यान में रखा गया- जिनके पास कार है और जिनके पास कार नहीं है। मोहंता ने बताया कि कोलकाता में लगभग 12,000 अभिभावकों से सर्वेक्षण के लिए संपर्क किया गया और उनमें से 7000 से अधिक ने जवाब दिया। अध्ययन के तहत स्कूलों के लिए वाहनों में शामिल सभी हितधारकों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की गई। एसओपी के अनुसार पुलिस, स्कूल प्रबंधन और सुरक्षा अधिकारियों को स्कूल परिवहन में शामिल सभी चालकों और मेंटरों के पुलिस रिकॉर्ड रखने चाहिए। एसओपी में कहा गया है कि प्रत्येक चालक को स्कूलों में काम करने से पहले ड्राइविंग का कम से कम पांच साल का अनुभव होना चाहिए, स्कूल परिवहन में शामिल सभी वाहनों का रिकॉर्ड और स्कूल वाहनों के लिए गति सीमा लागू करनी चाहिए।

चिरेका में वेंडर्स मीट आयोजित, वेंडर्स आधार बढ़ाने पर जोर

चित्तरंजन : चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) द्वारा 13 मई को चिरेका में एक वेंडर्स मीट का आयोजन किया गया। इस मीट का उद्देश्य विशेष रूप से आयातित लोको आइटम के लिए नए वेंडर्स को विकसित करना और मौजूदा वेंडर्स आधार को बढ़ाना और उनके साथ सम्बन्ध और सहयोग बढ़ाने के लिए किया गया है। सभी आयातित लोको आइटम, उच्च मूल्य की लोको आइटम और लोको आइटम जिनके लिए बहुत कम अनुमोदित स्रोत उपलब्ध हैं, उन्हें प्रदर्शित किया गया। स्वदेशीकरण की आवश्यकता, लोको निर्माण में आत्मनिर्भर भारत को सफल बनाने एवं वेंडर्स का आधार बढ़ाने पर जोर दिया गया। सतीश कुमार सरफ, महाप्रबंधक ने वेंडर्स मीट का उद्घाटन किया और इन लोको आइटम को विकसित करने के लिए वेंडर्स से रुचि लेने के लिए प्रदर्शित लोको आइटम का परिदर्शन किया। वेंडर्स मीट में आइटम विकास, आयात प्रतिस्थापन, स्वदेशीकरण और अन्य अधिकारी उप-मिल योजनाप्रबंधक एल.के. कश्यप ने वेंडर्स से भारतीय रेलवे के साथ व्यापार के लिए आगे आने का आह्वान किया, जो वेंडर्स के आधार का बढ़े। आर.पी मिश्रा,पीसीईई, ए.के वर्मा, पीसीएसएम और अन्य अधिकारी उप-मिल योजनाप्रबंधक एल.के. कश्यप ने वेंडर्स से भारतीय रेलवे के साथ व्यापार के लिए आगे आने का आह्वान किया, जो वेंडर्स के आधार का बढ़े। वेंडर्स मीट में 60 से अधिक वेंडर्स ने भाग लिया।

महाप्रबंधक चिरेका ने किया टाउनशिप का निरीक्षण

चित्तरंजन : महाप्रबंधक/ चिरेका सतीश कुमार कश्यप ने सोमवार चित्तरंजन रेलवेज कारखाना (चिरेका) में टाउनशिप का दौरा किया। उन्होंने चल रहे विभिन्न कॉलोनी रखरखाव/ मुनिवाड़ी होने के कार्यों का निरीक्षण और समीक्षा की। उन्होंने सफाई और सामान्य रखरखाव में सुधार पर जोर दिया। महाप्रबंधक/ चिरेका ने संबंधित अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों के साथ बातचीत की। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक/ चिरेका के साथ वरिष्ठ अधिकारी भी थे।

दपूरे ने सूचना का अधिकार अधिनियम पर कार्यशाला आयोजित किया

कोलकाता : दक्षिण पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक अतुल्य मिश्रा ने मुख्यालय गार्डन रीच में दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा आयोजित सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम और इसके नियमों, विनियमों और केस स्टडी पर एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए। कार्यशाला में जन सूचना अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी उपस्थित थे।

कमरकुंडु में अंडरपास का निर्माण

कोलकाता : कमरकुंडु में 44.86 करोड़ रुपये की लागत से पहले ही एक रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जा चुका है, जिसमें रेलवे का हिस्सा 26.7 करोड़ रुपये और राज्य सरकार का 18.16 करोड़ रुपये है। मौजूदा समापन फाटक सं. 26 को बंद कर उक्त आरओबी का निर्माण किया गया है। भारत सरकार और पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार लागत साझा करने के आधार पर निर्माण 995 मीटर लंबा आरओबी औसत गति बढ़ाने में अत्यधिक सहायक होगी और साथ ही सड़क और रेल यातायात दोनों की सुरक्षा में वृद्धि करेगी। इसके अलावा, यह रोड ओवर ब्रिज तारकेश्वर के तीर्थ स्थान के लिए आवाजाही में आसानी लाएगा और यह हुगली जिले में बैद्यबाटी - तारकेश्वर - चंपाडाला को जोड़ने वाली विभिन्न आवाजाही सुनिश्चित करेगा।

इसके अलावा, स्थानीय लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए, पूर्व रेलवे ने कमरकुंडु में 6.5 करोड़ की अनुमानित लागत से एक सबवे का निर्माण शुरू कर दिया है। उन्नतिकर सबवे का निर्माण कार्य रविवार को भूमि पूजन के साथ शुरू कर दिया गया है। केवल छह महीने की अवधि के भीतर काम बहुत तेज गति से पूरा होने की उम्मीद है।

पूरे ने मेडिटेशन एंड ब्रीद वर्कशॉप आयोजित किया

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे ने आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से कविता को बेल्वेडियर पार्क, कोलकाता में मेडिटेशन एंड ब्रीद वर्कशॉप पर एक कार्यकारी कार्यक्रम का आयोजन किया। अपर महाप्रबंधक डॉ. जयदीप गुप्ता और पूर्व रेलवे के अन्य अधिकारियों ने इस वर्कशॉप में भाग लिया। प्रतिभागियों को सांस लेने के व्यायाम और सरिता पुरानी योग प्रथाओं की मदद से बेहतर जीवन जीने की कला के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रतिभागियों ने स्वस्थ मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग की उपयोगिता फैलाने के साधन के रूप में अपने पड़ोसियों के बीच ध्यान का अभ्यास करने और बेहतर जीवन जीने के संदेश को फैलाने की शपथ ली।

रेलवे में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस का पालन किया

कोलकाता, समाज्ञा : आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती पर 12 मई को सम्मान में जाने के योगदान को चिह्नित करने के लिए हर साल दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में रेलवे में भी अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस का पालन किया। कार्यक्रम की शुरुआत कोविड योद्धाओं के लिए दो मिनट की मौन प्रार्थना के साथ हुई, जिन्होंने कोविड के दौरान अपनी जान गंवाई। इस मौके पर पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, डॉ. अरु. महापात्रा ने वर्चुअल बिरादरी को उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान, संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए, रेलवे नर्सों ने अपने स्वयं के जीवन को खतरे में डालकर कोविड रोगियों को बचाने के लिए अपना 100% प्रयास किया। एस.पी. सिंह, मंडल रेल प्रबंधक/सियालदह ने अपने भाषण में रेलवे स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सिंग के महत्व को दोहराया और उनके उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए 25,000 रुपये का स्मृति स्कार पुरस्कार भी दिया।

वैश्विक स्वास्थ्य को बचाने के लिए मिट्टी बचाओ और बौद्धिक नर्सिंग विषय पर एक पाक्षिक व्हाइट ऐप्रेटेशन दिया गया। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक प्रदर्शन का मंचन किया गया और कई सेवानिवृत्त नर्सिंग कर्मियों को गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम एसोसिएशन ऑफ रेलवे नर्सेज ऑफ इंडिया (एआरएनआई) द्वारा आयोजित किया गया था।